## महाजनपदकाल

1. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (महाजनपद) | सूची–I (राजधानी) |
|---|---|
| A. गंधार | 1. मथुरा |
| B. शूरसेन | 2. कोशाम्बी |
| C. वत्स | 3. श्रावस्ती |
| D. कोशल | 4. तक्षशिला |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 1, C – 2, D - 3
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (स)
व्याख्याः– बुद्ध के जन्म के पूर्व छठी शताब्दी ईसा पूर्व में भारतवर्ष 16 जनपदों में बँटा हुआ था। इसकी जानकारी हमें बौद्धग्रंथ के अंगुत्तर निकाय से मिलती है। गांधार प्राचीन भारत के 16 महाजनपदों में से एक था। इस प्रदेश का मुख्य केन्द्र आधुनिक पेशावर और आस–पास के इलाके थे। इस मजानपद के प्रमुख नगर थे– पुरुषपुर (आधुनिक पेशावर) तथा तक्षशिला इसकी राजधानी थी। शूरसेन की राजधानी मथुरा थी। वत्स आधुनिक इलाहाबाद के आस–पास का क्षेत्र था। उत्तरपूर्व में यमुना की तटवर्ती भूमि इसमें सम्मिलित थी। इसकी राजधानी कौशाम्बी थी। कोशल का क्षेत्र आधुनिक गोरखपुर, गौंडा, बहराइच (उत्तर प्रदेश) था। कोशल की प्रथम राजधानी साकेत (अयोध्या) एवं द्वितीय राजधानी श्रावस्ती थी।

2. हर्यक वंश के किस शासक को 'कुणिक' कहा जाता था ?
(अ) बिम्बिसार (ब) उदयिन
(स) अजातशत्रु (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)
व्याख्याः– बिम्बिसार के बाद अजातशत्रु मगध के सिंहासन पर बैठा। इसके बचपन का नाम कुणिक था। भगवान बुद्ध के विरोधी देवदत्त के उकसाने पर इन्होंने अपने पिता की हत्या कर गद्दी पर बैठा। अजातशत्रु ने अपने पिता के साम्राज्य विस्तार की नीति को चरमोत्कर्ष तक पहुँचाया।

3. किस शासक ने गंगा एवं सोन नदियों के संगम पर पाटलिपुत्र नामक नगर की स्थापना की ?
(अ) अजातशत्रु (ब) उदयिन
(स) अशोक (द) घनानंद
उत्तर : (ब) BPSC 2008
व्याख्याः– पाटलिपुत्र बिहार राज्य की राजधानी पटना का पुराना नाम है। इस नगर की स्थापना सम्राट अजातशत्रु के उत्तराधिकारी 'उदयिन' ने अपनी राजधानी राजगृह से पाटलिपुत्र स्थानांतरित करने के लिए की थी।

4. शिशुनाग वंश का वह शासक कौन था, जिसके समय में वैशाली में द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया ?
(अ) शिशुनाग (ब) कालाशोक
(स) नंदिवर्धन (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– प्रथम बौद्ध संगीति (483 ई.पू.) का आयोजन अजातशत्रु के शासनकाल में राजगृह में, द्वितीय बौद्ध संगीति (383 ई.पू.) का कालाशोक के शासनकाल में वैशाली में, तृतीय बौद्ध संगीति (250 ई.पू.) का अशोक के शासनकाल में पाटलिपुत्र में तथा चतुर्थ बौद्ध संगीति (98 ई.) का कनिष्क के शासनकाल में कुण्डलवन में हुआ। शिशुनाग के 394 ई.पू. में मृत्यु के बाद मगध का शासक कालाशोक बना। महावंश में इसे कालाशोक तथा पुराणों में काकवर्ण कहा गया है। इसने 28 वर्षों तक शासन किया। कालाशोक के शासनकाल में द्वितीय बौद्ध संगीति (383 ई.पू.) का आयोजन वैशाली में हुआ जिसके अध्यक्ष सबाकामी थे।

5. शिशुनाग वंश के किस शासक को काकवर्ण भी कहा जाता है ?
(अ) शिशुनाग (ब) कालाशोक
(स) नंदिवर्धन (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– शिशुनाग के 394 ई.पू. में मृत्यु के बाद मगध का शासक कालाशोक बना। महावंश में इसे कालाशोक तथा पुराणों में काकवर्ण कहा गया है। इसने 28 वर्षों तक शासन किया। कालाशोक के शासनकाल में द्वितीय बौद्ध संगीति (383 ई.पू.) का आयोजन वैशाली में हुआ जिसके अध्यक्ष सबाकामी थे।

6. 323 ई.पू. में सिकंदर महान् की मृत्यु हुई थी–
(अ) फारस में (ब) बेबीलोन में
(स) मेसीडोनिया में (द) तक्षशिला में
उत्तर : (ब) SSC 2002
व्याख्याः– सिकन्दर का जन्म 356 ई.पू. में हुआ। उसके पिता फिलिप मकदूनिया के शासक थे। सिकन्दर अरस्तु का शिष्य था। सिकन्दर ने भारत–विजय का अभियान 326 ई.पू. में प्रारंभ किया। सिकन्दर को पंजाब के शासक पोरस के साथ युद्ध करना पड़ा, जिसे हाइडेस्पीज का युद्ध या झेलम (वितस्ता) का युद्ध के नाम से जाना जाता है। सिकन्दर की सेना ने व्यास नदी के पश्चिमी तट पर पहुँचकर उसे पार करने से इन्कार

www.rajstudents.com

कर दिया। सिकन्दर स्थल–मार्ग द्वारा 325 ई.पू. में भारत से लौटा। सिकन्दर को वापस लौटते समय अनेक गणराज्यों के विरोध का सामना करना पड़ा जिसमें सबसे प्रबल विरोध मालवा तथा क्षुद्रक गणों का था। इस युद्ध में सिकन्दर ने मालवा नरेश को पराजित किया लेकिन सिकन्दर घायल हो गये। सिकन्दर ने यहाँ भीषण नरसंहार करवाया। वापस लौटते समय 323 ई.पू. में 33 वर्ष की अवस्था में बेबीलोन में सिकन्दर की मृत्यु हो गयी।

7. सिकंदर महान् एवं पोरस/पुरु की सेनाओं नें निम्नलिखित में से किस नदी के आमने–सामने वाले तटों पर पड़ाव डाला हुआ था ?
(अ) रावी (ब) झेलम
(स) सतलज (द) चिनाब
उत्तर : (ब) SSC Mat. 2002
व्याख्याः– सिकन्दर का जन्म 356 ई.पू. में हुआ। उसके पिता फिलिप मकदूनिया के शासक थे। सिकन्दर अरस्तु का शिष्य था। सिकन्दर ने भारत विजय का अभियान 326 ई.पू. में प्रारंभ किया। झेलम (वितस्ता) नदी के किनारे सिकन्दर को पंजाब के शासक पोरस के साथ युद्ध करना पड़ा, जिसे हाइडेस्पीज का युद्ध या झेलम (वितस्ता) का युद्ध के नाम से जाना जाता है। सिकन्दर ने पोरस को पराजित कर दिया, परन्तु उसके साहस से प्रभावित होकर उसका राज्य वापस कर दिया तथा पोरस सिकन्दर का सहयोगी बन गया।

8. किस प्रकार का मृदभांड (पॉटरी) भारत में द्वितीय नगरीकरण के प्रारम्भ का प्रतीक माना गया ?
(अ) गेरू रंग वाले मृदभांड
(ब) चित्रित धूसर मृदभांड
(स) उत्तरी काले पॉलिशकृत बर्तन
(द) काले और लाल बर्तन
उत्तर : (स) SSC 2002
व्याख्याः– उत्तरी काले पॉलिशदार मृदभांड (पॉटरी) भारत में द्वितीय नगरीकरण के प्रारम्भ का प्रतीक माना गया।

9. पालि ग्रंथों में गाँव के मुखिया को क्या कहा गया है ?
(अ) ग्रामक (ब) ग्राम भोजक
(स) जेष्ठक (द) ग्रामपति
उत्तर : (ब) RRB Ranchi TC 2004
व्याख्याः– पाली ग्रंथों में गाँव के मुखिया को ग्राम भोजक कहा जाता था।

10. उज्जैन का प्राचीन नाम था–
(अ) अवन्तिका (ब) तक्षशिला
(स) कान्यकुब्ज (द) धान्यकटक
उत्तर : (अ) RRB Chandigarh 2005, MPSC 2003
व्याख्याः– उज्जैन का प्राचीन नाम अवन्तिका अथवा उज्जयिनी था। यह मध्य प्रदेश का एक प्रमुख शहर है। उज्जैन शिप्रा नदी के किनारे बसा हुआ है। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने विक्रमादित्य की उपाधि धारण की। यह उपाधि इससे पूर्व 57 ई.पू. में उज्जैन के शासन ने भी पश्चिमी भारत में शक क्षत्रपों पर विजय पाने के उपलक्ष्य में धारण की थी। चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय पाटलिपुत्र एवं उज्जयिनी (उज्जैन) विद्या के प्रमुख केन्द्र थे।

11. नंद वंश का संस्थापक कौन था ?
(अ) महापद्मनंद (ब) कालाशोक
(स) घनानंद (द) नागार्जुन
उत्तर : (अ) RRB Ranchi 2004, UKPSC 2017
व्याख्याः– नंद वंश प्राचीन भारत का सर्वाधिक शक्तिशाली एवं महान क्षत्रिय राजवंश था जिसने पाँचवी–चौथी शताब्दी ई.पू. उत्तरी भारत के विशाल भाग पर शासन किया। नंद वंश की स्थापना प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापद्मनंद ने की थी। भारतीय इतिहास में पहली बार एक ऐसे साम्राज्य की स्थापना हुई जिसकी सीमाएँ गंगा के मैदानों को लांघ गई थी।

12. ग्रीक/यूनानी लेखकों द्वारा किसे 'अग्रमीज' अथवा 'जैन्ड्रमीज' कहा गया ?
(अ) अजातशत्रु (ब) कालाशोक
(स) महापद्मनंद (द) घनानंद
उत्तर : (द) SSC 2018

13. ईरान के हखमनी वंश के किस शासक ने भारतीय भू–भाग को जीतने के बाद उसे फारस साम्राज्य का 20वाँ प्रांत (क्षत्रपी) बनाया ?
(अ) डेरियस/दारयबाहु प्रथम
(ब) साइरस
(स) जेरसिस/क्षयार्ष
(द) डेरियस/दारयबाहु तृतीय
उत्तर : (ब)

14. हाइडेस्पस या वितस्ता (आधुनिक नाम झेलम) का युद्ध (326 ई.पू.) किन–किन शासकों के बीच हुआ ?
(अ) सिकंदर एवं पोरस के बीच
(ब) सेल्यूकस एवं चन्द्रगुप्त मौर्य के बीच
(स) चंद्रगुप्त मौर्य एवं घनानंद के बीच
(द) सिकंदर एवं आम्भी के बीच
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

15. प्राचीन भारत में पहला विदेशी आक्रमण करने किनके द्वारा किया गया ?
(अ) ईरानियों द्वारा (ब) यूनानियों द्वारा
(स) शकों द्वारा (द) कुषाणों द्वारा
उत्तर : (अ)

16. प्राचीन भारत में दूसरा विदेशी आक्रमण एवं पहला यूरोपीय आक्रमण किनके द्वारा किया गया ?
(अ) ईरानियों द्वारा (ब) यूनानियों द्वारा
(स) शकों द्वारा (द) कुषाणों द्वारा
उत्तर : (ब)

17. सिकंदर ने भारत पर कब आक्रमण किया ?
(अ) 326 ई.पू. (ब) 326 ई.
(स) 325 ई.पू. (द) 323 ई.
उत्तर : (अ)

18. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (शासक) | सूची–II (वंश) |
|---|---|
| A. बिम्बिसार | 1. हर्यक वंश |
| B. कालाशोक | 2. शिशुनाग वंश |
| C. महापद्मनंद | 3. मौर्य वंश |
| D. बिन्दुसार | 4. नन्द वंश |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 1, B – 4, C – 3, D - 2
(द) A – 1, B – 3, C – 4, D - 2
उत्तर : (ब)

19. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (महाजनपद) | सूची–II (आधुनिक क्षेत्र) |
|---|---|
| A. मगध | 1. हर्यक वंश |
| B. वत्स | 2. शिशुनाग वंश |
| C. कोशल | 3. मौर्य वंश |
| D. अवन्ति | 4. नन्द वंश |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(स) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(द) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

20. मगध की प्रथम राजधानी कौन सी थी ?
(अ) पाटलिपुत्र (ब) वैशाली
(स) गिरिव्रज/राजगृह (द) चम्पा
उत्तर : (अ) RRB 2005

21. किस शासक द्वारा सर्वप्रथम पाटलिपुत्र को राजधानी के रूप में चयन किया गया ?
(अ) अजातशत्रु द्वारा (ब) कालाशोक द्वारा
(स) उदयिन द्वारा (द) कनिष्क द्वारा
उत्तर : (स)

22. सोलह महाजनपदों की सूची उपलब्ध है–
(अ) महाभारत में (ब) अंगुत्तर निकाय में
(स) छांदोग्य उपनिषद् में (द) संयुक्त निकाय में
उत्तर : (ब) BPSC 2004

23. निम्नलिखित में से मगध का कौन सा राजा सिकंदर महान् का समकालीन था ?
(अ) महापद्मनंद (ब) घनानंद
(स) सुकल्प (द) चन्द्रगुप्त मौर्य
उत्तर : (ब) BPSC 2001

24. प्रथम मगध साम्राज्य का उत्कर्ष किस सदी में हुआ था ?
(अ) चौथी सदी ई.पू. (ब) छठी सदी ई.पू.
(स) दूसरी सदी ई.पू. (द) पहली सदी ई.पू.
उत्तर : (ब) BPSC 1998

25. सिकंदर की भारत में सफलता के निम्न कारण थे–
1. भारत में तक कोई केंद्रीय सत्त नहीं थी
2. उसकी सेना श्रेष्ठ प्रकार की थी
3. उसे देशद्रोही भारतीय शासकों का सहयोग मिला
4. वह एक अच्छा प्रशासक था
(अ) 1 एवं 2 (ब) 1, 2 एवं 3
(स) 2, 3 एवं 4 (द) 1, 2, 3 एवं 4
उत्तर : (द) UPPCS 2001

26. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (राजा) | सूची–II (राज्य) |
|---|---|
| A. प्रद्योत | 1. मगध |
| B. उदयिन | 2. वत्स |
| C. प्रसेनजित | 3. अवन्ती |
| D. अजातशत्रु | 4. कोशल |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 3, B – 2, C – 4, D - 1
(द) A – 4, B – 1, C – 3, D - 2
उत्तर : (स) UPPCS 2000

27. अभिलेखीय साक्ष्य से प्रकट होता है कि नंद राजा के आदेश से एक नहर खोदी गई थी–
(अ) अंग में (ब) बंग में
(स) कलिंग में (द) मगध में
उत्तर : (स) UPPCS 1999

28. पहला ईरानी शासक जिसने भारत के कुछ भाग को अपने अधीन किया था–
(अ) साइरस (ब) कोम्बिसिस
(स) डेरियस (द) जेर्सिस/क्षयार्ष
उत्तर : (स) RAS/RTS 1995

29. मगध के राजा अजातशत्रु का किस गणराज्य के साथ युद्ध रहा ?
(अ) वज्जि (वैशाली) (ब) पांचाल
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) इनमें में कोई नहीं
उत्तर : (अ)

30. वज्जि संघ के विरूद्ध मगध राज्य के किस शासक ने प्रथम बार 'रथमूसल' (एक ऐसा रथ जिसमें गदा जैसा हथियार जुड़ा था) 'महाशिलाकण्टक' (पत्थर फैंकने वाला एक युद्ध यंत्र) नामक हथियारों का प्रयोग किया ?
(अ) अजातशत्रु (ब) चन्द्रगुप्त मौर्य
(स) कालाशोक (द) उदयिन
उत्तर : (अ)

31. नंद वंश का अंतिम सम्राट् कौन था ?
(अ) महापद्मनंद (ब) घनानंद
(स) कालाशोक (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

32. मगध की प्रथम राजधानी कौन सी थी ?
(अ) पाटलिपुत्र (ब) वैशाली
(स) गिरिव्रज/राजगृह (द) चम्पा
उत्तर : (अ) RRB 2005

33. भारत में सिक्कों/मुद्रा का प्रचलन कब हुआ ?
(अ) अशोक के शासनकाल में
(ब) कनिष्क के शासनकाल में
(स) 600 ई.पू. में
(द) 300 ई.पू. में
उत्तर : (स)

34. निम्न राजाओं पर विचार कीजिए–
1. अजातशत्रु
2. बिन्दुसार
3. प्रसेनजित
इनमें से कौन–कौन बुद्ध के समकालीन थे ?
(अ) केवल 1 (ब) 2 और 3
(स) 1 और 3 (द) 1, 2 और 3
उत्तर : (स) CDS 2003

35. मगध सम्राट बिम्बिसार ने अपने राजवैद्य जीवक को किस राज्य के राजा की चिकित्सा के लिए भेजा था ?
(अ) कोशल (ब) अंग
(स) अवंति (द) वैशाली
उत्तर : (स)

36. किस शासक ने अवंति को जीतकर मगध का हिस्सा बना दिया ?
(अ) अजातशत्रु (ब) बिम्बिसार
(स) शिशुनाग (द) महापद्मनंद
उत्तर : (स)

37. किस मगध सम्राट ने अंग का विलय अपने राज्य में कर लिया ?
(अ) बिम्बिसार (ब) अजातशत्रु
(स) उदयिन (द) शिशुनाग
उत्तर : (अ)

38. शिशुनाग ने किस राज्य का विलय मगध साम्राज्य में नहीं किया ?
(अ) अवंति (ब) वत्स
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) काशी
उत्तर : (द)

39. काशी और लिच्छवी का विलय मगध साम्राज्य में किसने किया ?
(अ) बिम्बिसार (ब) अजातशत्रु
(स) उदयिन (द) शिशुनाग
उत्तर : (ब)

40. सिकन्दर के आक्रमण के समय उत्तर भारत पर निम्नलिखित राजवंशों में किस एक का शासन था ?
(अ) नंद (ब) मौर्य
(स) शुंग (द) कण्व
उत्तर : (अ) UPPSC 2000

41. निम्नलिखित में से किस राज्य में गणतंत्रात्मक शासन व्यवस्था नहीं थी ?
(अ) कपिलवस्तु के शाक्य (ब) कुशीनगर के मल्ल
(स) वैशाली के लिच्छवी (द) मगध
उत्तर : (द)

42. निम्नलिखित में से किसे 'सेनिया' (नियमित और स्थायी सेना रखने वाला) कहा जाता था ?
(अ) बिम्बिसार (ब) अजातशत्रु
(स) उदयिन (द) शिशुनाग
उत्तर : (अ)

43. निम्नलिखित में से किसे 'उग्रसेन' (भयानक सेना का स्वामी) कहा जाता था ?
(अ) महापद्मनंद (ब) घनानंद
(स) शिशुनाग (द) बिम्बिसार
उत्तर : (अ)

44. निम्नलिखित में से कौन सिकंदर के साथ भारत आने वाला इतिहासकार नहीं था ?
(अ) नियाकर्स (ब) एनसिक्रिटिस
(स) एरिस्टोबुलस (द) हेरोडोट्स
उत्तर : (द)

45. महाजनपद काल में श्रेणियों के संचालक को कहा जाता था–
(अ) श्रेष्ठिन (ब) सेठ
(स) ज्येष्ठक (द) ग्राम भोजक
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

46. 'गृहपति' का अर्थ है–
(अ) धनी किसान (ब) धनी व्यापारी
(स) धनी व्यक्ति (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

47. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. अष्टकुलक
B. महामात्र
C. बलिसाधक
D. शौल्किक / शुल्काध्यक्ष
सूची–II
1. परामर्शदायी संस्था
2. उच्च कोटि के अधिकारी
3. किसानों से कर वसूलने वाला अधिकारी
4. शिल्पियों व व्यापारियों से शुल्क या चुंगी वसूलने वाला अधिकारी
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
(द) A – 2, B – 3, C – 1, D - 4
उत्तर : (अ)

48. मगध के किस प्रारंभिक शासक ने राज्यारोहण के लिए अपने पिता की हत्या की एवं इसी कारणवश अपने पुत्र द्वारा मारा गया ?
(अ) बिम्बिसार (ब) अजातशत्रु
(स) उदयिन (द) नागदर्शक
उत्तर : (ब) UPPCS 2011

49. विश्व का पहला गणतन्त्र वैशाली में किसके द्वारा स्थापित किया गया था ?
(अ) मौर्य (ब) नन्द
(स) गुप्त (द) लिच्छवी
उत्तर : (द) BPSC 2008

50. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :

| सूची–I (महाजनपद) | सूची–II (राजधानी) |
|---|---|
| A. कुरु | 1. साकेत |
| B. पांचाल | 2. कोशाम्बी |
| C. कोशल | 3. अहिच्छत्र |
| D. वत्स | 4. इंद्रप्रस्थ |

(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(स) A – 3, B – 4, C – 2, D - 1
(द) A – 4, B – 2, C – 3, D - 1
उत्तर : (ब)

51. निम्न में से कौन एक बौद्ध ग्रंथ सोलह महाजनपदों का उल्लेख करता है ?
(अ) अंगुत्तर निकाय (ब) मज्झिम निकाय
(स) खुद्दक निकाय (द) दीघ निकाय
उत्तर : (अ) UPPCS 2008

52. छठी शताब्दी ई.पू. का मत्स्य महाजनपद स्थित था–
(अ) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में
(ब) राजस्थान में
(स) बुंदेलखंड में
(द) रुहेलखण्ड में
उत्तर : (ब) UPPSC 2017

53. निम्नलिखित में से कौन एक मगध साम्राज्य की साजधानी रहीं रहा ?
(अ) गिरिव्रज (ब) राजगृह
(स) पाटलिपुत्र (द) कौशाम्बी
उत्तर : (द) CgPSC 2012

54. ईरान के खमनी वंश के किस शासक ने भारतीय भू–भग को जीतने के बाद उसे फारस साम्राज्य का 20वाँ प्रांत (क्षत्रपी) बनाया ?
(अ) साइरस
(ब) डेरियस / दारयबाहु प्रथम
(स) जेरसिस / क्षयार्ष
(द) डेरियस / दारयबाहु तृतीय
उत्तर : (ब)

55. नंद वंश का संस्थापक कौन था ?
(अ) महापद्मनंद (ब) कालाशोक
(स) घनानंद (द) नागार्जुन
उत्तर : (अ) RRB 2004

–––––

www.rajstudents.com